# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–18 फरवरी 2025** **सान्ध्य समाचार**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज इस वर्ष के प्रथम विधानमण्डल सत्र के लिये बुलाये गये दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से प्रयागराज में कराये जा रहे दिव्य–भव्य महाकुंभ का उल्लेख किया और महाकुंभ को एक भारत श्रेष्ठ भारत की अवधारणा को साकार करने वाला बताया। राज्यपाल ने कहा कि महाकुंभ ने स्वच्छता, सुरक्षा और सुव्यवस्था के नये मानक गढ़े हैं। राज्यपाल ने मौनी अमावस्या पर महाकुंभ नगर में हुयी दुर्घटना पर दुख प्रकट करते हुए उसमें कालकवलित हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उधर, राज्यपाल के अभिभषण के दौरान समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के विधायक लगातार नारेबाजी करते रहे। विपक्षी दलों के हंगामें के बीच राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जारी रखा। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की विभिन्न बोलियों भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुन्देलखण्डी को सदन में सम्मान मिल रहा है। यह सभी बोलियां हिन्दी की बेटिया हैं।

***उत्तर प्रदेश की विभिन्न बोलियों को भोजपुरी, अवधी, ब्रज और बुन्देलखण्डी को इस सदन में सम्मान मिल रहा है और हमारी सरकार को इन सब के लिए एकेडमी का भी गठन अलग अलग एकेडमी के गठन की कार्यवाही को भी आगे बढ़ा रही है। ये सभी हिन्दी की उप भाषाये है, यानी हिन्दी की बेटिया हैं।***

सदन शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि कल राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी और बीस फरवरी को प्रदेश सरकार दो हजार पच्चीस–छब्बीस का बजट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से सम्पन्न हो यह सत्ता पक्ष के साथ–साथ विपक्ष का भी दायित्व है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में देश विदेश के लोगों द्वारा पवित्र त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगाने का सिलसिला जारी है। आज शाम चार बजे तक प्राप्त समाचार के अनुसार निन्यानबे लाख बीस हजार श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान कर लिया था। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण ने भी आज महाकुंभ में हिस्सा लिया। उधर, वर्ष दो हजार सत्ताईस में नासिक के त्रयम्बकेश्वर में होने वाले कुंभ में बेहतर व्यवस्था देने के लिए वहां का एक दल आज अध्ययन के सिलसिले में प्रयागराज महाकुम्भनगर पहुंचा। एक रिपोर्ट–

***यह दल महाकुम्भ में विभिन्न स्थलों का दौरा करेगा और राज्य सरकार के कार्यों का अवलोकन करेगा। इसमें प्रमुख रूप से भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन प्रतिक्रिया, यातायात प्रबंधन, घाट तथा नदी जल प्रबंधन, चिकित्सा व्यवस्था, टेंट सिटी और आवास प्रबंधन का अध्ययन किया जाएगा। उच्च अधिकारी इसके साथ ही कचरा प्रबंधन, पेयजल एवं शौचालय सुविधाएं, अखाड़ों और महंतों के साथ समन्वय समेत प्रोटोकॉल और सुरक्षा व्यवस्था का भी अध्ययन करेंगे। आदर्श के साथ अभिषेक कपिल, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज***

अध्ययन दल का नेतृत्व नासिक के मंडलायुक्त प्रवीण गेडम कर रहे हैं।

**********

काशी–तमिल संगमम के तीसरे संस्करण के दो सौ सदस्यों का समूह वाराणसी से प्रयागराज होते हुए आज अयोध्या पहुंचा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्यों ने इस प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। श्रीरामलला का दर्शन कराने के साथ साथ प्रतिनिधिमंडल को श्रीराम मंदिर की दिव्यता और भव्यता के बारे में भी बताया गया। समूह के सदस्य शिवाजी ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री की यह पहल बहुत ही सराहनीय है। इससे देश का कोना–कोना एक होगा और एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना साकार हो सकेगा।

**********

महाकुंभ के बाद आखाड़ों का काशी में छावनी प्रवेश शुरू हो गया है। शम्भू पंचदस नाम आवाहन अखाड़ा का छावनी प्रवेश आज हुआ। इसमें भगवान प्रथमेश के नेतृत्व में संत और महंथ शामिल हुए। पांच सौ से ज्यादा नागा साधु भी इस आयोजन का हिस्सा बनें।

**********

केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज कुशीनगर पहुंचे। उन्होंने भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली का दौरा किया और मन्दिर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर चीवर चढ़ा कर विश्व शांति की कामना की। केंद्रीय मंत्री ने बौद्ध भिक्षुओं से संवाद भी किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर पहुंच कर दर्शन पूजन भी किया।

**********

परीक्षा पे चर्चा दो हजार पचीस के आठवें एपिसोड में आज संघ लोक सेवा आयोग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, संयुक्त पात्रता परीक्षा, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और भारतीय माध्यमिक शिक्षा प्रमाण पत्र परीक्षा के मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं।

**********